# सेनेटरी इंस्पेक्टर के परिणाम में शीतल अव्वल

जागरण संवाददाता, अमृतसर : ऑल इंडिया इंस्टीट्यूट ऑफ लोकल सेल्फ गवर्नमेंट (एआइआइएलएसजी) ने सेनेटरी इंस्पेक्टर (एसआइ) का परिणाम घोषित किया है। माता चरण कौर सोसाइटी और कॉलेज के विद्यार्थियों का परिणाम शानदार रहा है। कॉलेज के मैनेजिंग डायरेक्टर (एमडी) डॉ. रंजीत सिंह ने बताया कि परिणाम में उत्तर भारत से कॉलेज की छात्रा शीतल शर्मा ने पहला स्थान पाया है।

अक्षय चंडेल ने दूसरा और अंकित सिंह ने तीसरा स्थान प्राप्त किया है। डॉ. रंजीत सिंह ने मेधावी रहे विद्यार्थियों का मुंह मीठा करवा कर उन्हें बधाई व शुभकामनाएं दी। उन्होंने बताया कि सरकार और प्राइवेट अदारों में समय-समय पर एसआइ के पदों पर भर्ती की जाती है। उनकी तरफ से भी कॉलेज के बच्चों को मेडिकल कॉलेजों और नगर निगम में नौकरी प्रदान करवाई जाती है, जिसके तहत कॉलेज के पहले भी कई विद्यार्थी वर्तमान समय में सरकारी और गैर सरकारी विभागों में नौकरी पाकर बढ़िया आमदन कमा रहे हैं। कॉलेज प्रिंसिपल एसके मैनन, निर्मल सिंह, श्यामला, कोमल मौजूद थे।

मेधावी विद्यार्थियों का मुंह मीठा करवाते हुए हिंदू कॉलेज के प्रि. डॉ. संजीव शर्मा • विज्ञप्ति

| S.No. | Class | | | | Sig of Student |
|---|---|---|---|---|---|

defeating SD College, Fatehgarh Churian, in the final played here on Wednesday. The three day tournament was held among GNDU-affiliated colleges. Hindu College team captain Yamuna said the college team had been performing excellent under Prof Ranjit Singh Sandhu, who had also trained international cricket teams. The college management felicitated the players. TNS

17-11-21 Punjab Kesari

# हिंदू सभा कॉलेज की रगबी चैंपियन ऐनम संधू को मिला विशेष सम्मान

## बेटियों को हर क्षेत्र में आगे बढ़ने के मौके प्रदान किए जाने चाहिए : कैप्टन (रिटा) जसमीत चौहान

अमृतसर, 16 नवंबर (स.ह.): गुरु नानक देव यूनिवर्सिटी के अंतर्गत आते कालेजों के महिला पुरुष के चल रहे सिलसिलेवार इंटर कालेज खेल मुकाबलों में प्रदर्शन करने वाली हिंदू सभा कालेज की बी.ए. भाग सैमेस्टर-1 की छात्रा और राष्ट्रीय बहु-खेल खिलाड़ी ऐनम संधू निवासी छेहर्टा को देश की पहली शार्प शूटर और सैंट्रल गोल्ड मिसेज इंडिया 2021 कैप्टन (रिटा) जसमीत चौहान और गुरविन्दर कौर की तरफ से सांझे तौर पर विशेष तौर पर सम्मानित करने के साथ-साथ स्वागत किया गया। इस संबंधी ज्यादा जानकारी देते हिंदु सभा कालेज के शरीरिक शिक्षा विभाग प्रमुख और अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट प्रशिक्षक रणजीत सिंह संधू ने बताया कि उनके कालेज की छात्रा ऐनम संधू ने इंटर कालेज बॉक्सिग मुकाबले दौरान ब्रोंज मैडल हासिल किया, जबकि महिलाओं के बी डिविजन रगबी मुकाबले दौरान चैंपियन रही टीम में ऐनम संधू ने शानदार प्रदर्शन करते हुए गोल्ड मैडल हासिल किया है।

*रगबी चैंपियन खिलाड़ी ऐनम संधू का विशेष सम्मान करते देश की पहली शार्प शूटर कैप्टन (रिटा) जसमीत चौहान व मैडम गुरविन्दर कौर।* (अवधेश)

उन्होंने बताया कि पहली शार्प शूटर और सैंट्रल गोल्ड मिसेज इंडिया 2021 कैप्टन (रिटा) जसमीत चौहान और गुरविन्दर कौर की ओर से विशेष तौर पर सम्मानित किया जाना हिंदु सभा कालेज और खेल क्षेत्र के लिए बहुत ही गर्व वाली बात है।

इस दौरान कैप्टन (रिटा) जसमीत चौहान ने कहा कि आज का दौर मुकाबलेबाजी का दौर है। इसमें दिल खोलकर बेटियों की तरफ से सम्मिलन करना एक शुभ शुरुआत है। बेटियों के उत्साह में विस्तार करने के लिए उनका उत्साह बढ़ाना बहुत जरुरी है। उन्होंने खुद बहुत ही कठिन रास्ते तय करके राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर की प्राप्तियां की हैं। उल्लेखनीय है कि आने वाले दिनों दौरान ऐनम संधू दूसरे इंटर कालेज मुकाबलों में अपनी खेल कला के जौहर दिखाएगी।